बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना-800001

<u>आवश्यक सूचना</u>

<u>विज्ञापन संख्या - 26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा</u>

दिनांक 24.08.2023 से दिनांक 26.08.2023 तक आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु सम्बन्धित विषयों के औपबंधिक उत्तर दिनांक 01.09.2023 को आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए दिनांक 05.09.2023 से दिनांक 07.09.2023 तक उम्मीदवारों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। पुनः दिनांक 08.09.2023 से दिनांक 11.09.2023 तक आपत्ति आमंत्रित हेतु तिथि विस्तारित की गयी थी। तदनुसार उक्त विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला– 'A' 'B' 'C' एवं 'D' एवं प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला–'E' 'F' 'G' एवं 'H' के सभी प्रश्नों के द्वितीय औपबंधिक उत्तर दिनांक 16.09.2023 से आयोग के वेबसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित मात्र वैसे उम्मीदवार, जिनके द्वारा पूर्व में प्रदर्शित औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति दर्ज की गयी थी, से द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर पुनः आपत्ति आमंत्रित किये जाते हैं। द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर यदि आपत्ति हो तो वे अपने Username एवं Password से Login करते हुए डैशबोर्ड पर दिनांक 18.09.2023 से दिनांक 20.09.2023 तक आपत्ति प्रमाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ Upload कर सकते हैं।

डैशबोर्ड के माध्यम से द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति दर्ज करने हेतु प्रति प्रश्न 500/– शुल्क के रूप में देय होगा। ई०मेल अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से किया गया आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

द्वितीय औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, तो उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जायेगा एवं तत्पश्चात् इन प्रश्नों पर भविष्य में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

16.9.2023

परीक्षा नियंत्रक (TRE),
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना